पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने दी असम राज्य के स्थापना दिवस की बधाई

लखनऊः 01 दिसम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 02 दिसम्बर को असम राज्य के स्थापना दिवस पर देश–प्रदेश, विशेषकर असम राज्य के वासियों को हार्दिक बधाई दी है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि असम उत्तर पूर्वी भारत का एक खूबसूरत पहाड़ी राज्य है, जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य के साथ–साथ चाय बागानों, रेशम उत्पादन व आकर्षक पारंपरिक कला और शिल्प के लिए भी जाना जाता है। इससे यहां की समृद्ध संस्कृति परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि असम राज्य के लोग अपनी संस्कृति, खान–पान और रीति–रिवाजों के साथ तालमेल बिठाते हुए विविधता में एकता का एक आदर्श उदाहरण हैं।

कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250